सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ भोपाल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

इंदौर के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जिमी मिस्त्री के डीएलसी का इंदौर चैप्टर शुरू

इंदौर (आरएनएन)। इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की शुरुआत की। इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़े यहीं है। ऐसा लगता है की डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई है और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि है। डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंक्डइन के सह-संस्थापक नोविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते है, जिमी मिस्त्री, संस्थापक, डीएलसी ने कहा।